FUSCO'S SCHOOL (ICSE)

Indiranagar, Bangalore

HALF YEARLY EXAMINATION 2016 – 2017

SUBJECT : HINDI II LANGUAGE.

Class : VII

Time : 2 ½ Hrs
Marks : 80

I **विलोम शब्द लिखो** :- (6)

१. अंधकार २. घृणा ३. विचित्र

४. पवित्र ५. लाभ ६. बलवान

II **दिए गए शब्दों के स्त्रीलिंग या पुल्लिंग लिखें** : - (6)

१. समाचार २. चित्र ३. कल्पना

४. संगीत ५. प्रतिभा ६. अभिनय

III **इन शब्दों के पर्यायवाचि शब्द लिखे** : - (6)

१. नजदीक २.बरबाद ३. हिम्मत

४. आवाज ५. जख्म ६. हालात

IV **प्रश्नों के उत्तर लिखो** : - (16)

१. सुल्तान में क्या विशेषताएं थी ?

२. खड़गसिंह ने सुल्तान को कैसे प्राप्त किया ?

३. उदाहरण सहित लिखिए की अमृता शेरगिल बचपन से ही असाधारण प्रतिभा की धनी थी ?

४. इस कहानी का नाम "दावत की अदावत" क्यों रखा गया है ?

५. लेखक ने अपने मित्रों को कहाँ बैठने की सलाह दी और क्यों दी ?

६. बूढ़े कुत्ते की दशा कैसी हो गयी थी ?

७. लोग उसके साथ कैसा व्यवहार करते थे ?

८. कुत्ता लेखक की पत्नी के मैके से वापस कैसे लौटा ?

V **आशय स्पस्ट करें** : - (6)

१. इस समय मैं बनैले सूअर से भी ज्यादा खतरनाक हो रहा था।

२. बड़े भाग्य से ऐसा उच्च स्थान प्राप्त होता है।

VI **इन सामासिक पदों का विग्रह करें :-** (4)

१. प्रतिभा - संपन्न २. कला - जगत

३. माता - पिता ४. छह - सात

VII **वाक्यों के सरल वाक्य बनाइये** : - (4)

१. मैंने सारा बाग़ छान डाला, पर कोई भी न मिला।

२. सड़क ख़तम हो गई और मै उस बाग़ के फाटक पर पहुँचा।

३. धूप बहुत तेज थी और लू के थपेड़े मेरे मुँह पर पड़ रहे थे।

४. मेरे फेफड़ों में इतनी धूल भर गई थी कि चलना भी मुश्किल था।

VIII **सही मुहावरों से रिक्त स्थान भरें** : - (5)

१. युद्ध आरंभ होते ही सैनिक शत्रुओं पर ....।

२. परीक्षा समाप्त हो जाने पर छात्र ....।

३. सूर्यास्त के समय देखते ही देखते सूर्य ....।

४. उस धोखे बाज़ का तो मेरे सामने ....।

५. डूबता हुआ व्यक्ति दोनों हाथ उठा कर ....।

IX **रिक्त स्थानों में उचित क्रिया विशेषण शब्द चुन कर लिखे** : - (6)

[नीचे, थोड़ा, धीरे-धीरे, पीछे-पीछे, बाहर, अचानक, घबराकर]

१. कुत्ता अपनी पूँछ .... हिलाता है।

२. उसकी हिम्मत नहीं हुई कि .... आये।

३. पिल्ला आया और .... लेट गया।

४. वह मेरे .... लगा रहता था।

५. प्रशांत छोटा है इसलिए वह .... खाता है।

६. रानी कि नींद .... टूट गई।

७. वह .... नीचे कूद पड़ा।

X **"इत" प्रत्यय अलग करके लिखें :-** (5)

१. प्रभावित २. संभावित ३. चित्रित

४. आकर्षित ५. सुगन्धित ६. सम्मानित

XI **वाक्यों को कोष्ठक में दिए गए संकेत के अनुशार बदल कर लिखे** :- (5)

१. आज बालक विद्यालय गया ....[वचन बदलकर वाक्य पुनः लिखें]

२. मैंने पूँछा आप कल सुबह जा रहे हैं ....[उचित विराम चिन्ह लगाकर वाक्य पुनः लिखें]

३. बिलकुल निर्जन स्थान .... [प्रविशेषण और विशेषण अलग कर लिखें]

४. बस का ब्रेक फेल होने के कारण उसे चोट लग गई .... [संयुक्त वाक्य में बदलें]

५. उपवन का सौन्दर्य देखते ही बनता है ....[रेखांकित शब्द के समानार्थक शब्द लिखकर वाक्य पुनः लिखें]

XII **दिए गए अनुछेद को पढ़कर पूंछे गए प्रश्नों के उत्तर दो** :- (5)

बहुत दिनों से हमारे घर में है। इसका जन्म कहाँ हुआ, पता नहीं। इसका बचपन भी कहाँ बीता, इसकी भी खबर नहीं। एक दिन गर्मी की दुपहरिया में एक मोटा-ताजा पिल्ला मेरे घर में न जाने कब घुस आया और खाट के नीचे लेट गया। वह थका था, गर्मी से परेशान। खाट के नीचे की ठंडी जमीन उसे सुखद लगी। वह चुप-चाप लेटा हुआ जोरो से हाँफ रहा था। मैं खाट पर चैत की दुपहरिया की झपकी ले रहा था। एक समान ताल से निकलनेवाली हाँफने की आवाज से मेरी आँख खुल गई। इधर-उधर देखा, कुछ नहीं। खाट के नीचे देखा तो सबसे पहली नज़र इसकी चमकती आँखों पर पड़ी। उस दिन भी इसकी आँखों में ऐसी ही सजलता और करुणा पाई थी।

प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१. लेखक के घर में कब और कौन घुस आया ?

२. वह खाट के नीचे क्यों लेट गया ?

३. लेखक उस समय क्या कर रहे थे ?

४. लेखक की आँख क्यों खुल गई ?

५. उस दिन के और आज के कुत्ते में क्या समानता देखी ?

XIII **किसी एक विषय पर निबंध लिखें** :- (6)

१. गणतंत्र दिवस २. खेलों का जीवन में महत्व